**भारत सरकार**
**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या : 341***
**जिसका उत्तर 18 मार्च, 2020 को दिया जाना है**

## कोयला–आधारित उद्योग

***341. श्रीमती गोमती साय:**

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोयले की कमी के कारण रायगढ़ जिले में वर्तमान में बंद हुए कोयला–आधारित उद्योगों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) इन उद्योगों के बंद होने के परिणामस्वरूप कितने राजस्व का नुकसान हुआ है; और

(ग) क्या इन उद्योगों को पुनः प्रचालनरत बनाने के लिए कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री**
**(श्री प्रल्हाद जोशी)**

**(क) से (ग)** : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

**"कोयला-आधारित उद्योग" के संबंध में श्रीमती गोमती साय द्वारा दिनांक 18.03.2020 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *341 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण:**

**(क) से (ग):** रायगढ़ जिला के 41 कोयला आधारित उद्योगों को महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) तथा साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा ईंधन आपूर्ति करार (एफएसए) तथा समझौता ज्ञापन (एमओयू) के माध्यम से कोयले की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। एमसीएल और एसईसीएल के पास कोयले की कमी के कारण बन्द होने वाले ऐसे किसी भी उद्योग के संबंध में कोई रिपोर्ट नहीं है जिसने कोयला कंपनियों के साथ एफएसए/एमओयू किया है।

*****